(c) if no, the reasons thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN AFFAIRS AND EMPLOYMENT (SHRI P.K. THUNGON): (a) to (c) The out-of-turn allotment of quarter has been made by the competent authority under provision of SR 317 B 25 in relaxation of rules depending upon reasons stated by the applicants in their applications and accepted by the competent authority.

ग्रामीण अवसंरचनात्मक विकास निधि का स्थापित किया जाना

2587. श्रीमती सुषमा स्वराज:
श्री राम जेठमलानी:

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में कृषि क्षेत्र के विकास और विस्तार हेतु अवसंरचनात्मक सुविधायें उत्पन्न करने के लिये ग्रामीण अवसंरचनात्मक विकास निधि स्थापित करने के लिये एक प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो इस प्रस्ताव की विस्तृत रूपरेखा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इस प्रस्ताव के कार्यान्वयन के लिये अंतिम निर्णय लेने के संबंध में कोई समय-सीमा निश्चित की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविन्द नेताम): (क) से (घ) तक 2000 करोड़ रुपए की प्रारम्भिक संग्रह से राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक में ग्रामीण अवसंरचनात्मक विकास निधि सृजित की गई है ताकि लघु / मध्यम सिंचाई, मृदा संरक्षण, पनधरा प्रबन्ध आदि से संबंधित ग्रामीण अवसंरचनात्मक परियोजनाओं के लिए राज्य सरकारों / राज्य के स्वामित्व वाले निगमों को ऋण सहायता प्रदान की जा सके। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और नए स्थापित किए गए निजी क्षेत्र के बैंकों के अलावा अखिल भारतीय अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों जिन्होंने कृषि वित्त के संबंध में निवल बैंक ऋण के 18 प्रतिशत के अल्प लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया है, को उपरोक्त अल्प लक्ष्य को प्राप्त करने में रही कमी के बराबर की राशि का ग्रामीण अवसंरचनात्मक विकास निधि में अंशदान करना होगा बशर्ते यह निवल बैंक ऋण का अधिकतम 1.5 प्रतिशत हो।

Integrated Pest Management

2588. SHRI VIRENDRA KATARIA:
SHRI RAMJI LAL:

Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to refer to the answer to Unstarred Question 8350 given in the Rajya Sabha on the 2nd June, 1995 and state:

(a) the number of farmers trained for integrated pest management in Punjab during the year 1994-95 and the target fixed for the current financial year, 1995-96; and

(b) the budget provision for 1995-96 for the programme?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI S. KRISHNA KUMAR): (a) and (b) Sir, during 1994-95, a total of 1080 farmers have been trained on Integrated Pest Management in Punjab. It is proposed to train 3240 farmers during the current financial year. For 1995-96, an amount of Rs. 9,74,7002 has been earmarked for Punjab.

मैंगनीज अयस्क का उत्पादन, उपभोग और निर्यात

2589. श्री मूलचन्द मीणा:
श्री अजीत जोगी:

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में मैंगनीज अयस्क के वर्षवार उत्पादन, उपभोग और निर्यात का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या मैंगनीज अयस्क, अयस्क के उत्पादन और निर्यात में लगातार कमी आयी है;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) मैंगनीज अयस्क के उत्पादन और निर्यात को बढ़ाने के लिये सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव): (क) भारतीय खान ब्यूरो और खनिज और धातु व्यापार निगम लिमिटेड के अनुसार वर्ष 1992-93, 1993-94 और 1994-95 के दौरान देश में मैंगनीज अयस्क का उत्पादन उसकी खपत और निर्यात निम्नानुसार है:-

वर्ष	उत्पादन	खपत	(हजार टन में) निर्यात
1992-93	1903	1334	223
1993-94	1678	1253	249
1994-95	1729	उपलब्ध नहीं	416